
# 3 घर प्यारा




सदा यही तो कहती हो माँ
घर यह सिर्फ हमारा अपना।
लेकिन माँ कैसे मैं मानूँ
घर तो यह कितनों का अपना।



देखो तो कैसे ये चूहे
खेल रहे हैं पकड़म-पकड़ी।
कैसे मच्छर टहल रहे हैं
कैसे मस्त पड़ी है मकड़ी।




और छिपकली को तो देखो
चलती है जो गश्त लगाती।
अरे कतारें बाँधे-बाँधे
कहाँ चींटियाँ दौड़ी जातीं।




और उधर आँगन में देखो
पंछी कैसे झपट रहे हैं,
बिल्कुल दीदी और मुझ जैसे
किसी बात पर झगड़ रहे हैं।



और यह देखो तिलचट्टे भी
दिन रात क्या यहीं ना रहते।
क्यों रहते ये इस घर में जो
इसे ना अपना घर समझते।



इसीलिए तो कहता हूँ माँ
घर ना समझो सिर्फ हमारा।
सदा-सदा से जो भी रहता
सबका ही है घर यह प्यारा।



–दिविक रमेश

BSTBPC
WEBCOPY, NOT TO BE PUBLISHED

**शब्दार्थ:**

गश्त लगाना – घूमना

## अभ्यास

### कविता में से

1. कविता के अनुसार घर में कौन-कौन से जीव-जंतु रहते हैं?
2. चूहे घर में क्या कर रहे हैं?
3. पक्षी किसकी तरह लड़ रहे हैं?
4. **कविता में घर को किसका घर कहा गया है?**

बताएँ, आपके घर में मकड़ी, चूहा, तिलचट्टा, छिपकली, चींटी कहाँ रहती हैं? उनमें से किसी एक का चित्र बनाकर उसके बारे में कुछ बताइए। ध्यान रहे, कहीं कुछ छूट न जाए!

© BSTBPC WEBCOPY, NOT TO BE PUBLISHED

### अनुमान लगाइए

1. आपको कैसे पता चलता है कि घर में

चूहे हैं .............................. पक्षी हैं ..............................

मकड़ियाँ हैं .............................. मच्छर हैं ..............................

2. चींटियाँ कतार बाँधकर कहाँ जाती होंगी?
3. छिपकली गश्त क्यों लगा रही होगी?

4. तिलचट्टे घर में कहाँ रहते होंगे?

5. पक्षी किस चीज पर झपट रहे होंगे?

### बातचीत के लिए

1. घर में चींटियाँ, मच्छर और चूहे क्या हानि पहुँचाते हैं?

2. क्या चूहे हमेशा नुकसान पहुँचाते हैं?क्या इनसे कोई फायदा भी है? घर के सदस्यों से पता कीजिए।


3. बच्चा जीव-जंतुओं को उनका घर मानने के लिए क्या कारण बताता है?

4. आपके घर में कौन-कौन रहते हैं? परिवार के सदस्यों के नाम लिखिए।

5. अपने घर के बारे में कुछ बताइए ।

### तरह-तरह के घर

1. बताइए, इनके घर को क्या कहते हैं?



2. पता कीजिए, ये जीव-जंतु कहाँ रहते हैं।

चींटियाँ, दीमक, मछली, चीता, खरगोश

### कतार ही कतार

1. आपने कतार कहाँ-कहाँ देखी है?

2. आप कब-कब कतार में खड़े हुए हैं? आपको कतार में खड़ा क्यों किया जाता है? आपको कतार में खड़ा होना कैसा लगता है?

3. 'कतार' के लिए एक और शब्द बताइए।

### भाषा की बात

1. **उदाहरण की तरह शब्द लिखिए -**

मच्छर - अच्छा ..............................................

© BSTBPC
WEBCOPY, NOT TO BE PUBLISHED

बच्चा – ...............................................

मस्त – ...............................................

प्यारा – ...............................................

2. **उदाहरण की तरह वाक्यों को दूसरे तरीके से लिखिए –**

उदाहरण – सबका ही है घर यह प्यारा

यह सबका ही प्यारा घर है।

(क) देखो तो कैसे ये चूहे

खेल रहे हैं पकड़म–पकड़ी

...............................................................................

(ख) अरे कतारे बाँधे–बाँधे

3. **नीचे दिए गए वाक्यों में आए मोटे शब्दों पर ध्यान दीजिए–**

मीना ने थैला **पकड़ा**। (पकड़ना)

बच्चे एक– दूसरे से पतंग **छीन** रहे थे। (छीनना)

सुहेल ने गेंद **लपकी** । (लपकना)

बच्चों ने मेज **खींची**। (खींचना)

कौआ रोटी पर **झपट** पड़ा (झपटना)

शिक्षक की सहायता से इन शब्दों पर बातचीत कीजिए ?

4. **कविता के लिए दो शीर्षक लिखिए।**

आपने ये शीर्षक क्यों चुने? कारण भी बताइए।

...............................................................................

...............................................................................

...............................................................................

...............................................................................

© BSTBPC WEBCOPY, NOT TO BE PUBLISHED